क्रम-संख्या–166

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी० / एल०–
डब्लू० / एन०पी०–91 / 2014–16
लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 7 मई, 2026

बैशाख 17, 1948 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग–4

————————

संख्या 905 / 81-4–2026

लखनऊ, 7 मई, 2026

————————

अधिसूचना

प0आ0–252

चूँकि तहसील शाहाबाद, जिला रामपुर स्थित 4.1850 हेक्टेयर क्षेत्रफल में फैले ''छतरपुर तालाब'' के नाम से एक जल निकाय विद्यमान है, जिसका विस्तृत विवरण नीचे दी गयी अनुसूचियों में दिया गया है जिसे स्थानीय समुदायों और समग्र समाज के लिए अपनी पारिस्थितिकी सेवाओं और जैव विविधता मूल्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है।

और चूँकि, पूर्वोक्त जल निकाय हमारी सांस्कृतिक विरासत का एक हिस्सा है; यह जल भंडारण, जल शोधन, बाढ़ शमन, कटाव नियंत्रण, जलभृत पुनर्भरण, सूक्ष्म जलवायु विनियमन, परिदृश्यों के सौन्दर्य संवर्धन जैसी पारिस्थितिकी सेवाओं की एक विस्तृत श्रृंखला प्रदान करता है; और पर्यावरण संरक्षण, पर्याप्त वनस्पतियों और जीवों, पारिस्थितिकी परिदृश्य और मानवीय मूल्यों के संवर्धन और विकास के लिए महत्वपूर्ण है;

और चूँकि, पूर्वोक्त जल निकाय को एक 'आर्द्रभूमि' के रूप में घोषित करने वाली प्रारूप अधिसूचना, आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबन्धन) नियम, 2017 (जिसे आगे ''उक्त नियम'' कहा गया है), के नियम 7 के उपनियम (3) के अधीन यथा अपेक्षित जनसामान्य की सूचना के लिए और सरकारी गजट में उक्त अधिसूचना के प्रकाशन के दिनांक से 60 दिनों के भीतर तत्सम्बन्ध में आपत्तियाँ आमंत्रित करने की दृष्टि से सरकारी अधिसूचना संख्या–299 / 81–4–2026 दिनांक 12 फरवरी, 2026 द्वारा प्रकाशित की गयी थी;

और चूँकि, पूर्वोक्त प्रारूप अधिसूचना के सम्बंध में, नियत अवधि के भीतर कोई आपत्ति प्राप्त नहीं हुई है;

और चूँकि, जिला रामपुर स्थित ''छतरपुर तालाब'' के पारिस्थितिकीय एवं जैव विविधता के विस्तार के दृष्टिगत, इसके पारिस्थितिकीय स्वरूप और पारिस्थितिकीय महत्व को स्थायी बनाना आवश्यक है और साथ ही, स्थानीय समुदायों और समग्र समाज के लाभ के लिए ''छतरपुर तालाब'' और इसके प्रभाव क्षेत्र में विकासपरक क्रियाकलापों को विनियमित करना भी आवश्यक है;

अतएव, अब, उक्त नियम के नियम 7 के उपनियम (3) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करके, राज्यपाल, इस अधिसूचना के सरकारी गजट में प्रकाशित किये जाने के दिनांक से छतरपुर तालाब के क्षेत्र को, जिसका विस्तृत विवरण नीचे अनुसूचियों में दिया गया है, आर्द्रभूमि के रूप में घोषित करते हैं, जिसे, अब आगे ''छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि, जिला रामपुर'' के नाम से जाना जायेगा ।

छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि के अधीन सम्मिलित क्षेत्र की सीमा एवं विवरण इस अधिसूचना की अनुसूची–एक में उल्लिखित है।

छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि के प्रभाव क्षेत्र (जेड0ओ0आई0) का विस्तृत विवरण इस अधिसूचना की अनुसूची–दो में उल्लिखित है।

छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि एवं इसके प्रभाव क्षेत्र में प्रतिषिद्ध एवं विनियमित क्रियाकलापों का विवरण इस अधिसूचना की अनुसूची–तीन में उल्लिखित है।

छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि और इसके प्रभाव क्षेत्र में अनुज्ञात क्रियाकलापों का विवरण इस अधिसूचना की अनुसूची–चार में उल्लिखित है।

अनुसूची–एक

छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि की सीमा–

उत्तर – कृषि भूमि

पूरब – कृषि भूमि

दक्षिण – कृषि भूमि

पश्चिम – कृषि भूमि

छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि, जिला रामपुर का क्षेत्रफल 4.1850 हेक्टेयर है और इसके स्वामित्व का विवरण निम्नवत है:–

खतौनी मौजा–छतरपुर, तहसील–शाहाबाद, जिला–रामपुर

वर्ष–1421–1426 फसली

खातेदार का नाम	खाता संख्या	नाम काश्तकार बकैद वल्दियत व कौमियत व सकूमत	मुद्दत काश्त	संख्या खेत मुताबिक खसरा	रकबा बाहिसाब बंदोबस्त (हेक्टेयर में)		लगान	कैफियत
					मजरुआ	गैर मजरुआ		
अकृषक भूमि/ जलमग्न भूमि	00198	अकृषक भूमि/ जलमग्न भूमि		64		4.1850		

अनुसूची–दो

छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि, जिला–रामपुर के प्रभाव क्षेत्र (जेड0ओ0आई0) का विवरण

क्रम संख्या	छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि की सीमा के निर्देशांक		छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि के प्रभाव क्षेत्र (जोन आफ इन्फ्लूएंश) के निर्देशांक		छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि एवं प्रभाव क्षेत्र (जोन आफ इन्फ्लूएंश) के मध्य की दूरी (मीटर में)
	अक्षांश	देशान्तर	अक्षांश	देशान्तर	
1	28° 30' 46.05" N	78°59'49.16" E	28° 30' 42.17" N	78°59'48.90" E	239.90Mtr.
2	28° 30' 46.80" N	78°59'47.67" E	28° 30' 43.41" N	78°59'45.39" E	237.45Mtr.
3	28° 30' 48.40" N	78°59'47.94" E	28° 30' 43.95" N	78°59'44.82" E	323.09Mtr.
4	28° 30' 49.46" N	78°59'46.71" E	28° 30' 45.62" N	78°59'43.42" E	297.24Mtr.
5	28° 30' 50.48" N	78°59'45.36" E	28° 30' 46.55" N	78°59'42.55" E	282.70Mtr.

क्रम संख्या	छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि की सीमा के निर्देशांक		छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि के प्रभाव क्षेत्र (जोन आफ इन्फ्लूएंश) के निर्देशांक		छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि एवं प्रभाव क्षेत्र (जोन आफ इन्फ्लूएंश) के मध्य की दूरी (मीटर में)
	अक्षांश	देशान्तर	अक्षांश	देशान्तर	
6	28° 30' 51.28" N	78°59'45.93" E	28° 30' 47.50" N	78°59'41.16" E	343.26Mtr.
7	28° 30' 51.45" N	78°59'45.40" E	28° 30' 48.23" N	78°59'39.88" E	352.10Mtr.
8	28° 30' 52.02" N	78°59'45.59" E	28° 30' 52.69" N	78°59'35.84" E	536.22Mtr.
9	28° 30' 52.49" N	78°59'46.18" E	28° 30' 56.86" N	78°59'38.95" E	466.01Mtr.
10	28° 30' 52.29" N	78°59'46.85" E	28° 30' 58.51" N	78°59'40.54" E	508.66Mtr.
11	28° 30' 53.17" N	78°59'47.32" E	28° 30' 59.65" N	78°59'41.68" E	508.50Mtr.
12	28° 31' 54.13" N	78°59'48.59" E	28° 31' 01.35" N	78°59'42.91" E	523.97Mtr.
13	28° 30' 54.81" N	78°59'49.63" E	28° 30' 56.85" N	78°59'49.42" E	114.36Mtr.
14	28° 30' 54.97" N	78°59'52.08" E	28° 30' 57.36" N	78°59'52.06" E	144.11Mtr.
15	28° 30' 53.45" N	78°59'53.25" E	28° 30' 56.93" N	78°59'54.63" E	216.74Mtr.
16	28° 30' 52.91" N	78°59'53.13" E	28° 31' 01.50" N	78°59'58.84" E	607.08Mtr.
17	28° 30' 52.17" N	78° 59'54.32" E	28° 31' 00.89" N	78° 00'00.02" E	611.19Mtr.
18	28° 30' 51.71" N	78°59'55.07" E	28° 31' 00.43" N	78° 00'00.64" E	610.66Mtr.
19	28° 30' 51.33" N	78°59'54.69" E	28° 30' 50.28" N	78°59'58.65" E	216.99Mtr.
20	28° 30' 50.29" N	78°59'54.21" E	28° 30' 48.99" N	78°59'58.45" E	242.61Mtr.
21	28° 30' 49.20" N	78°59'53.45" E	28° 30' 48.13" N	78°59'58.20" E	256.23Mtr.
22	28° 30' 48.60" N	78°59'53.41" E	28° 30' 46.96" N	78°59'57.92" E	256.27Mtr.
23	28° 30' 48.05" N	78°59'52.84" E	28° 30' 45.41" N	78°59'57.48" E	301.89Mtr.
24	28° 30' 47.75" N	78°59'52.36" E	28° 30' 42.51" N	78°59'56.71" E	402.50Mtr.
25	28° 30' 47.79" N	78°59'51.30" E	28° 30' 40.37" N	78°59'56.42" E	535.23Mtr.
26	28° 30' 48.19" N	78°59'50.49" E	28° 30' 39.49" N	78°59'56.44" E	616.52Mtr.
27	28° 30' 47.51" N	78°59'50.39" E	28° 30' 40.01" N	78°59'55.12" E	541.45Mtr.
28	28° 30' 47.12" N	78°59'48.89" E	28° 30' 40.57" N	78°59'53.56" E	444.73Mtr.
29	28° 30' 46.48" N	78°59'49.56" E	28° 30' 41.71" N	78°59'51.28" E	304.15Mtr.

छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि में जल के स्रोत वर्षा जल और भूमिगत जल है।

अनुसूची–तीन

छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि, जिला–रामपुर और इसके प्रभाव क्षेत्र में प्रतिषिद्ध और विनियमित क्रियाकलापों का विवरण

प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप–

1– किसी भी प्रकार के अतिक्रमण सहित गैर– आर्द्रभूमि उपयोगों के लिए संपरिवर्तन ।

2– नए उद्योगों की स्थापना/विद्यमान उद्योगों का विस्तार ।

3– परिसंकटमय पदार्थों/निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट का विनिर्माण, प्रबंधन, भंडारण एवं निपटान ।

4– ठोस अपशिष्ट पाटन।

5– अशोधित मलजल/औद्योगिक बहिःस्राव/अपशिष्ट जल के लिए निमग्न ।

6– निर्माण क्रियाकलाप (नाव घाटों को छोड़कर) ।

7– प्लास्टिक, पॉलीथीन एवं अन्य गैर–जैव–अपघटनीय अपशिष्ट प्रदूषण ।

विनियमित क्रियाकलाप–

1– जल निष्कासन/अवरोध/मोड़ या कोई अन्य जल विज्ञान हस्तक्षेप ।

2– संसाधनों (जीवित/अजीवित) की कटाई ।

3– चराई ।

4– नाव घाटों का निर्माण और अस्थायी उपयोग के लिए सुविधाओं, जैसे कि पीपापुल ।

5– आर्द्रभूमि सीमाओं के भीतर जलीय कृषि क्रियाकलाप ।

6– उत्तर प्रदेश नगर योजना और विकास अधिनियम, 1973 के अधीन तैयार प्रचलित महायोजना के अधीन प्रस्तावित सड़क तथा केन्द्र सरकार, राज्य सरकार एवं उनके द्वारा गठित प्राधिकरणों/स्थानीय निकायों के अधीन निर्माण क्रियाकलापों सहित परियोजना।

7– आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव डालने वाले समस्त क्रियाकलाप।

नोटः इस अधिसूचना के अंतिम प्रकाशन से पूर्व किये गये निर्माण पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

आर्द्रभूमि के भीतर तथा इसके प्रभाव क्षेत्र के भीतर विनियमित क्रियाकलापों की अनुज्ञा जब कभी अपेक्षित हो उत्तर प्रदेश राज्य आर्द्रभूमि प्राधिकरण द्वारा जिला आर्द्रभूमि समिति की संस्तुति पर दी जा सकेगी।

अनुसूची–चार

छतरपुर तालाब आर्द्रभूमि, जिला–रामपुर और इसके प्रभाव क्षेत्र में अनुज्ञात क्रियाकलापों का विवरण

अनुसूची–तीन में वर्णित क्रियाकलापों के सिवाय समस्त क्रियाकलाप जो आर्द्रभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 का उल्लंघन नहीं करते हैं।

आज्ञा से,
वी0 हेकाली झिमोमी,
प्रमुख सचिव।

IN pursuance of provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 905/LXXXI-4–2026 dated May 7, 2026 :

No. 905/LXXXI-4–2026

Dated Lucknow, May 7, 2026

WHEREAS there exists a water body known as "Chhatarpur Talab" measuring an area of 4.1850 hectares situated in Tehsil Shahbad, District Rampur, detailed description whereof is given in the Schedules below, which is considered to be critically significant for its ecosystem services and biodiversity values for the local communities and society at large;

AND WHEREAS, the aforesaid water body is a part of cultural heritage; provides a wide range of ecosystem services such as water storage, water purification, flood mitigation, erosion control, aquifer recharge, micro-climate regulation, aesthetic enhancement of landscapes; and is important for environmental conservation, enrichment and development of adequate flora and fauna, ecology, landscape and humanitarian values;

AND WHEREAS, draft notification declaring the aforesaid water body as a "wetland" was published *vide* Government notification no. 299/81-4-2026 dated February 12, 2026 as required under sub-rule (3) of Rule 7 of the Wetlands (Conservation and Management) Rules, 2017 (hereinafter referred to as the "said rules"), for the information of the general public and with a view of inviting objections in respect thereof within 60 days from the date of publication of the said notification in the Official *Gazette*;

AND WHEREAS, no objection, in respect of the aforesaid draft notification, has been received within the stipulated period ;

AND WHEREAS, considering the extent of ecological and biological diversity of "Chhatarpur Talab" situated in District Rampur, it is necessary to make the ecological character and ecological importance thereof enduring and it is also necessary to regulate the developmental activities in "Chhatarpur Talab" and its Zone of Influence for the benefit of local communities and society at large;

NOW, THEREFORE, in exercise of the powers under sub-rule (3) of Rule 7 of the said rules, the Governor, with effect from the date of publication of this notification in the Official *Gazett*e, is pleased to declare the area of "Chhatarpur Talab" detailed description whereof is given in the Schedules below, as wetland which will now onwards be known as "Chhatarpur Talab Wetland", District Rampur.

The boundary and description of the area included under the Chhatarpur Talab Wetland is mentioned in Schedule-I of this notification.

Details of the zone of influence (ZOI) of the Chhatarpur Talab Wetland are mentioned in Schedule-II of this notification.

Description of prohibited and regulated activities in Chhatarpur Talab Wetland and its zone of influence are mentioned in Schedule-III of this notification.

Description of permitted activities in Chhatarpur Talab Wetland and its zone of influence are mentioned in Schedule-IV of this notification.

SCHEDULE-I

Boundary of Chhatarpur Talab Wetland

North - Agriculture Land

East - Agriculture Land

South - Agriculture Land

West - Agriculture Land

The area of Chhatarpur Talab Wetland, District Rampur is 4.1850 hectares and the details of its ownership is as under:-

Khatauni Mauza-Chhatarpur, Tehsil-Shahbad, District-Rampur

Year-1421-1426 Fasli

Name of Khatedar	Khata No.	Name Kashtkar Bakad Waldiat & Kaumiyat and Sakumat	Muddat Kasht	Number Khet mutabik khasra	Rakba bahisab bandobast (in hectare)		Lagan	Kaifiyat
					Majarua	Gair Majarua		
Akrishak Bhoomi/ Jalmagna Bhoomi	00198	Akrishak Bhoomi/ Jalmagna Bhoomi		64		4.1850		

SCHEDULE -II

Details of Zone of Influence (ZOI) of Chhatarpur Talab Wetland, District-Rampur

Sl. no.	Co-ordinates of boundary of Chhatarpur Talab Wetland		Co-ordinates of ZOI of Chhatarpur Talab Wetland		Distance between Chhatarpur Talab Wetland and ZOI (In Mtr.)
	Latitude	Longitude	Latitude	Longitude	
1	28° 30’ 46.05” N	78°59’49.16” E	28° 30’ 42.17” N	78°59’48.90” E	239.90Mtr.
2	28° 30’ 46.80” N	78°59’47.67” E	28° 30’ 43.41” N	78°59’45.39” E	237.45Mtr.
3	28° 30’ 48.40” N	78°59’47.94” E	28° 30’ 43.95” N	78°59’44.82” E	323.09Mtr.
4	28° 30’ 49.46” N	78°59’46.71” E	28° 30’ 45.62” N	78°59’43.42” E	297.24Mtr.
5	28° 30’ 50.48” N	78°59’45.36” E	28° 30’ 46.55” N	78°59’42.55” E	282.70Mtr.
6	28° 30’ 51.28” N	78°59’45.93” E	28° 30’ 47.50” N	78°59’41.16” E	343.26Mtr.
7	28° 30’ 51.45” N	78°59’45.40” E	28° 30’ 48.23” N	78°59’39.88” E	352.10Mtr.
8	28° 30’ 52.02” N	78°59’45.59” E	28° 30’ 52.69” N	78°59’35.84” E	536.22Mtr.
9	28° 30’ 52.49” N	78°59’46.18” E	28° 30’ 56.86” N	78°59’38.95” E	466.01Mtr.
10	28° 30’ 52.29” N	78°59’46.85” E	28° 30’ 58.51” N	78°59’40.54” E	508.66Mtr.
11	28° 30’ 53.17” N	78°59’47.32” E	28° 30’ 59.65” N	78°59’41.68” E	508.50Mtr.
12	28° 31’ 54.13” N	78°59’48.59” E	28° 31’ 01.35” N	78°59’42.91” E	523.97Mtr.
13	28° 30’ 54.81” N	78°59’49.63” E	28° 30’ 56.85” N	78°59’49.42” E	114.36Mtr.
14	28° 30’ 54.97” N	78°59’52.08” E	28° 30’ 57.36” N	78°59’52.06” E	144.11Mtr.

Sl. no.	Co-ordinates of boundary of Chhatarpur Talab Wetland		Co-ordinates of ZOI of Chhatarpur Talab Wetland		Distance between Chhatarpur Talab Wetland and ZOI (In Mtr.)
	Latitude	Longitude	Latitude	Longitude	
15	28° 30’ 53.45” N	78°59’53.25” E	28° 30’ 56.93” N	78°59’54.63” E	216.74Mtr.
16	28° 30’ 52.91” N	78°59’53.13” E	28° 31’ 01.50” N	78°59’58.84” E	607.08Mtr.
17	28° 30’ 52.17” N	78° 59’54.32” E	28° 31’ 00.89” N	78° 00’00.02” E	611.19Mtr.
18	28° 30’ 51.71” N	78°59’55.07” E	28° 31’ 00.43” N	78° 00’00.64” E	610.66Mtr.
19	28° 30’ 51.33” N	78°59’54.69” E	28° 30’ 50.28” N	78°59’58.65” E	216.99Mtr.
20	28° 30’ 50.29” N	78°59’54.21” E	28° 30’ 48.99” N	78°59’58.45” E	242.61Mtr.
21	28° 30’ 49.20” N	78°59’53.45” E	28° 30’ 48.13” N	78°59’58.20” E	256.23Mtr.
22	28° 30’ 48.60” N	78°59’53.41” E	28° 30’ 46.96” N	78°59’57.92” E	256.27Mtr.
23	28° 30’ 48.05” N	78°59’52.84” E	28° 30’ 45.41” N	78°59’57.48” E	301.89Mtr.
24	28° 30’ 47.75” N	78°59’52.36” E	28° 30’ 42.51” N	78°59’56.71” E	402.50Mtr.
25	28° 30’ 47.79” N	78°59’51.30” E	28° 30’ 40.37” N	78°59’56.42” E	535.23Mtr.
26	28° 30’ 48.19” N	78°59’50.49” E	28° 30’ 39.49” N	78°59’56.44” E	616.52Mtr.
27	28° 30’ 47.51” N	78°59’50.39” E	28° 30’ 40.01” N	78°59’55.12” E	541.45Mtr.
28	28° 30’ 47.12” N	78°59’48.89” E	28° 30’ 40.57” N	78°59’53.56” E	444.73Mtr.
29	28° 30’ 46.48” N	78°59’49.56” E	28° 30’ 41.71” N	78°59’51.28” E	304.15Mtr.

The sources of water in Chhatarpur Talab Wetland are rainwater and underground water.

SCHEDULE -III

Description of prohibited and regulated activities in Chhatarpur Talab Wetland, District-Rampur and its Zone of Influence

Prohibited activities–

1. Conversion for non-wetland uses including encroachment of any kind.
2. Setting up new industries / expansion of existing industries.
3. Manufacturing, handling, storage and disposal of hazardous substance/construction and demolition waste.
4. Solid waste dumping.
5. Sink for untreated sewage / industrial effluent / waste water.
6. Construction activities (except boat jetties).
7. Plastic, polythene and other non bio-degradable waste pollution.

Regulated activities–

1. Withdrawal of water / impoundment / diversion or any other hydrological intervention.
2. Harvesting of resources (living/non-living).
3. Grazing.
4. Construction of boat jetties and facilities for temporary use, such as pontoon bridges.
5. Aquaculture activities within the wetland boundaries.
6. Road proposed under prevalent master plan prepared under the Uttar Pradesh Urban Planning and Development Act, 1973 and project including construction activities under Central Government, State Government and Authorities/ local bodies constituted by them.
7. All activities having adverse effect on the wetland ecosystem.

Note: There will be no adverse effect on construction done before final publication of this notification.

Permission for regulated activities within the wetland and within its Zone of Influence may be granted by the Uttar Pradesh State Wetland Authority on the recommendation of District Wetland Committee as and when required.

SCHEDULE-IV

Description of permitted activities in Chhatarpur Talab Wetland,
District-Rampur and its Zone of Influence

All activities except described in Schedule-III, which are not in contravention of the Wetlands (Conservation and Management) Rules, 2017.

By order,
V. HEKALI ZHIMOMI,
Pramukh Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 116 राजपत्र–2026–(242)–599 प्रतियां (डी0टी0पी/ऑफसेट)।
पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 68 सा0 पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन–2026–(243)–100 प्रतियां (डी0टी0पी/ऑफसेट)।